प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 08.06.2024 समय 18.30

00000

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल एनडीए गठबंधन के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायेंगी।
- राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर–पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होंगे।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने 'विकसित भारत 2047' के लिए युवाओं से महती भूमिका निभाने का आह्वान किया।
- मौसम विभाग ने आज जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में तेज अंधड़ और बारिश की संभावना जताई।

00000

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरशोर से जारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। आकाशवाणी से शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया जायेगा। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल होंगे। समारोह में भाग लेने के लिए नेता राजधानी पहुंचना शुरु हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। ये नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कल शाम आयोजित भोज में भी शामिल होंगे।

00000

कांग्रेस कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी नेता राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस के वरिष्ठं नेता के सी वेणुगोपाल ने कार्यसमिति की बैठक के बाद एक संवाददता सम्मेलन में कहा कि कार्यसमिति का मानना है कि राहुल गांधी का नेतृत्व एक मजबूत तथा सतर्क विपक्ष की भूमिका निभायेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि हाल में हुए चुनाव से कांग्रेस पार्टी को नई ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्यों के स्तर पर चुनाव में प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण करेगी। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को प्रतिकूल परिस्थितियों में जीत हासिल करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मणिपुर से अपनी न्याय यात्रा शुरू की थी और उसे राज्य की दोनों सीटों के अलावा नागालैंड, असम और मेघालय में भी जीत मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए देशभर में जबर्दस्त समर्थन मिला है। श्री खरगे ने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ संसद के भीतर और बाहर मिलकर काम करेगी। बैठक में पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विभागों के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में राज्य सरकार की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में समीक्षा की गई। श्री शर्मा में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न भर्तियों की वर्तमान प्रगति

और उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 'सशक्त युवा, समृद्ध राजस्थान' के संकल्प के अनुरूप उनकी सरकार पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सभी भर्तियों और रिक्तियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लंबित भर्तियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

00000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता—सह—प्रवेश परीक्षा—नीट अंडरग्रेजुएट 2024 की प्रक्रिया देशभर में पूरी तरह से पारदर्शी और शुचितापूर्ण रही है और इस परीक्षा का कोई पर्चा लीक नहीं हुआ है। यह परीक्षा पांच मई को आयोजित की गई थी और इसके परिणाम इस महीने की चार तारीख को घोषित किए गए थे। परीक्षा में परीक्षार्थियों के ज्यादा अंक और ज्यादा टॉपर से संबंधित मुद्दों पर एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मुद्दा नीट परीक्षा के चार हजार सात सौ पचास केंद्रों में से उन छह केंद्रों और एक हजार छह सौ परीक्षार्थियों से संबंधित है जिनका समय गलत प्रश्नपत्र वितरित करने के कारण नष्ट हो गया था। उन्होंने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है जो इन परीक्षार्थियों को दिए गए ग्रेस अंकों की समीक्षा करेगी। श्री सिंह ने कहा कि यह समिति संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष के नेतृत्व में गठित की गई है और यह एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद एन टी ए आगे का फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित परीक्षार्थियों के परिणाम से प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी।

00000

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विद्यार्थी कृषि शिक्षा का उपयोग किसानों और कृषि अर्थव्यवस्था के जरिए देश को मजबूत बनाने में करें। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लिए युवाओं से महती भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कृषि में नवाचार अपनाते हुए कार्य किए जाने पर भी जोर दिया। राज्यपाल आज जोधपुर में कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कृषि क्षेत्र की इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री मिश्र ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाए रखने, उन्नत बीज के देशी संस्करणों के विकास, जलवायु के आधार पर स्थान विशेष में खेती के साथ किसानों के पारम्परिक ज्ञान को सहेजते हुए कार्य करे। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों को इस तरह से विकसित किया जाए कि वहां से हर आम और खास को कृषि विकास से जुड़ी अद्यतन सूचनाएं मिल सके। राज्यपाल ने स्नातक की 165, स्नातकोत्तर की 18, पीएचडी की 3 डिग्री और सर्वोच्च अंक लाने वालो को 8 स्वर्ण पदक प्रदान किए। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित उन्नत बीज, खाद और कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण किया।

00000

कृषि ओर उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों से अपना काम शत् प्रतिशत ईमानदारी और कर्त्तव्य निष्ठा से समय पर करने का आह्वान किया है। श्री गालरिया आज जयपुर में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेती में आने वाली समस्याओं को दूर कर किसानों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ देकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं यही सुशासन का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने ई—फाइल निस्तारण, जल संरक्षण और जल संचयन कार्य, विधानसभा में लंबित प्रश्नों के समय पर जवाब भेजने, की परफॉर्मेंस इंडिकेटर के समुचित पालन के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के तहत सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों का नामांकन आवश्यक रूप से करवाया जाना सुनिश्चित करें।

00000

चित्तौड़गढ़ के जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आज रावतभाटा उपखंड के थमलाव में मनरेगा के तहत तलाई निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिकों से काम के घंटे, वेतन, कार्य स्थल पर सुविधाओं के बारे में बातचीत की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्यस्थल पर छाया, पेयजल सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे पहले कल जिला कलक्टर ने रावतभाटा उपखण्ड की ग्राम पंचायत झालर बावड़ी में रात्रि चौपाल लगायी। उन्होंने आमजन के आभाव अभियोग सुने और निस्तारण के लिए मौके

पर ही अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें सम्मानित किया।

00000

जैसलमेर जिले में ग्रामीण क्षेत्र की पानी, बिजली, मौसमी बीमारियों और पशुओं में चल रही कर्रारोग बीमारी तथा अन्य समस्याओं की प्रभावी ढंग से जानकारी प्राप्त करने और उसका संम्भवतः मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के लिए 21 प्रशासनिक अधिकारियों ने एक दिन में 63 ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इन अधिकारियों ने धरातल पर उपलब्ध कराई जा रही सरकारी सेवाओं का जायजा लिया। इन अधिकारियों ने विशेष रुप से गर्मी को देखते हुए लोगों को पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है उसका जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों से फीडबैक लिया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत सप्लाई की भी जानकारी जुटाई गई।

00000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने महाराणा प्रताप जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि मेवाड़ की स्वतंत्रता के लिए किया गया उनका संघर्ष राष्ट्र के स्वाभिमान से जुड़ा था। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर मातृभूमि की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए मुगलों से सतत संघर्ष किया, पर कभी हार नहीं मानी। राज्यपाल ने महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए काम करने का आह्वान किया है। महाराणा प्रताप की जयंती पर प्रदेश में श्रद्धाजंलि स्वरूप कई कार्यक्रम आयोजित हुए। केकड़ी में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 195 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

000000

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में आज से सात दिन का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जे. एल. एन कैजुअल्टी वार्ड में निशुल्क रक्त जांच शिविर से हुआ। शिविर में आये मरीजों और उनके परिजनों की निशुल्क ब्लड ग्रुप और हिमोग्लोबिन जांच कर उचित परामर्श दिया गया और दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। करीब ढाई सौ लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

00000

मौसम विभाग ने आज पश्चिमी विक्षोभ के असर से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन, तेज अंधड़ और बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में तेज अधंड़ के साथ कहीं–कहीं बारिश होने और बिजली गिरने तथा ओलावृष्टि के आसार हैं। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बहुत ज्यादा तेज लू चलने की चेतावनी दी है। इसके अलावा रात में भी लू के हालात रहने के आसार हैं। इस बीच जयपुर में आज भी सुबह धूल भरी हवाएं चलीं। हालांकि इसके बाद तेज़ धूप और गर्मी से जनजीवन प्रभावित रहा। शाहपुरा में दिन भर तेज उमस के बाद शाम को अचानक मौसम में बदलाव हुआ और कहीं हल्की तो कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। भीलवाड़ा के माण्डल क्षेत्र में हल्की बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं झालावाड ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में तेज गर्मी और उमस से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भरतपुर में भी दोपहर में आंधी चली। रारह में इस दौरान कई पेड़ गिर गये। कई जगह होर्डिंग्स भी गिर गये जिनसे लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। बाद में क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। उधर जैसलमेर क्षेत्र में आंधी के कारण पोकरण के 220 केवी विद्युत स्टेशन की 132 केवी की पॉवर लाईन के टॉवर टूटकर गिर जाने से क्षेत्र में बिजली बंद है। हमारे बालोतरा संवाददाता ने बताया कि इस कारण जिले के 184 गांवों बाडमेर जिले के 10 गांवों तथा बालोतरा शहर की जलापूर्ति 3 से 5 दिन प्रभावित रहने की संभावना है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा ने बताया कि इस अवधि में जिला प्रशासन और विभागीय प्रयासों से टैंकरों द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा।

00000

सलूम्बर जिले में पुलिस ने कीमती पत्थर क्वार्टज का अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की है। सलुम्बर जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली को क्वार्टज का अवैध खनन कर भण्डारण करने की गोपनीय सूचना मिली थी। इसके बाद डीएसटी टीम और थानाधिकारी सराडा की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से 45 टन क्वार्ट्ज बरामद किया है।

00000